आकाशवाणी श्री विजयपुरम

23.07.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेपर लीक करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
2. सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक महत्व पर डॉ बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
3. बागवानी विकास के माध्यम से निकोबार में सत्त कृषि और जनजातीय सशक्तिकरण की पहल की गई।
4. मध्य अंडमान में पर्यावरण जागरुकता अभियान के तहत वन विभाग मिनी मैराथॉन का आयोजन करेगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल लोगों को त्वरित और कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करेगी। उन्होंने छात्रों के भविष्य की रक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के युवाओं का कल्याण और भविष्य महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री का यह बयान परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में दिल्ली के जंतर–मंतर पर चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच आया है। श्री मोदी ने कहा कि, उन्होंने संबंधित अधिकारियों और पदाधिकारियों को इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह निर्णय छात्रों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा रहे उपायों की श्रृंखला के अंतर्गत लिया गया है।

<><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री विजय पुरम में अठारह जुलाई को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की सांस्कृतिक विरासत और सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. एस. राजी ने सोमनाथ मंदिर को सांस्कृतिक निरंतरता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। इस अवसर पर सोमनाथ मंदिर के इतिहास पर आधारित वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया। समारोह में करीब 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया और कविता, चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। कविता में विधि मल्होत्रा, भाषण में जे. दिनेश और चित्रकला में श्रीजीत बारोई ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का समन्वय एस. ऐश्वर्या, संयुक्त डीन स्टूडेंट अफेयर्स, डिप्लोमा एवं वरिष्ठ व्याख्याता, सिविल इंजीनियरिंग द्वारा किया गया।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार कमान ने ग्रेट निकोबार द्वीप के पास संकट में फंसे व्यापारिक जहाज एमवी पायरा की सहायता के लिए ऑपरेशन लांसर शुरू कर सफलतापूर्वक बचाव कार्रवाई की। इंजनमें खराबी के कारण जहाज के फंसने का खतरा पैदा हो गया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के जहाजों को तीन टग बोटों के साथ मौके पर भेजा गया। नौसेना की तकनीकी टीम ने पोत की स्थिति का आकलन कर आवश्यक सहायता प्रदान की। अंडमान और निकोबार कमान स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय, अंडमान और निकोबार प्रशासन गुजरात के गांधीनगर, अहमदाबाद में 6 से 8 अगस्त तक आयोजित होने वाले यात्रा एवं पर्यटन मेले में भाग लेगा। इसका उद्देश्य अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में पर्यटन की संभावनाओं को देशभर के पर्यटकों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों के सामने प्रस्तुत करना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक टूर ऑपरेटरों और पंजीकृत ट्रैवल एजेंसियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एजेंसियों को 31 जुलाई तक निदेशक, सूचना, प्रचार

और पर्यटन के नाम पर तीस हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। मेले में भाग लेने वाली एजेंसियों को कार्यक्रम से संबंधित सभी खर्च स्वयं वहन करने होंगे।

<><><><><><>

आईसीएआर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र, निकोबार ने नाबार्ड के सहयोग से निकोबार में बागवानी विकास और जनजातीय आजीविका संवर्धन के लिए एक नई परियोजना की शुरुआत की है। 21 जुलाई को कार निकोबार के बिग लापाती गाँव में आयोजित कार्यक्रम में निकोबार में बागवानी विकास के माध्यम से आजीविका को बढ़ावा देना और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना परियोजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में निकोबार जिले के उपायुक्त अमित काले, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक के. विजयापांडियन और कार निकोबार के चीफ कैप्टन लियोनार्ड निकोमेड सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर पॉलीहाउस और जल संचयन संरचना का उद्घाटन किया गया तथा प्रदर्शन खेत का दौरा किया गया। परियोजना का उद्देश्य बागवानी आधारित आजीविका को बढ़ावा देना, जनजातीय परिवारों में पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाना और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है। आईसीएआर–केवीके निकोबार के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि परियोजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण, प्रदर्शन कार्यक्रम और सूक्ष्म सिंचाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि और सतत कृषि विकास को बढ़ावा मिलेगा। नाबार्ड और आईसीएआर–केवीके निकोबार ने किसानों से परियोजना गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा आधुनिक बागवानी तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया है।

<><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा कल शाम साढ़े पाँच बजे से लाइव फोन–इन कार्यक्रम हेलो डॉक्टर का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय है तनाव, चिंता और अवसाद में अंतर – सावधानियां और देखभाल। इस कार्यक्रम में ए एन आई आई एम एस के मनोचिकित्सा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकन पॉल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे और दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक फोन नंबर 245662 और 244745 पर कॉल कर कार्यक्रम में सीधे भाग ले सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार राज्य तैराकी संघ द्वारा ओपन स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप–2026 का आयोजन 25 और 26 जुलाई को ए एंड एन कमांड स्विमिंग पूल, मिनी बे, श्री विजय पुरम में किया जाएगा। इस चैंपियनशिप के दौरान आगामी सब–जूनियर और जूनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप–2026 के लिए चयन ट्रायल भी आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक तैराकों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 23 जुलाई की रात्रि बारह बजे तक खुला रहेगा। संघ ने सभी पात्र तैराकों से समय पर पंजीकरण कर प्रतियोगिता और चयन ट्रायल में भाग लेने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7063–957–589 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

नमूनाघर क्षेत्र में पच्चीस जुलाई को एच टी और एल टी लाइनों में मरम्मत के कार्य किए जाने के चलते सिप्पीघाट, धनीखाड़ी, छोलदारी, निम्बू बगीचा, पोर्ट मोट, ओग्राब्रांज जंक्शन और नमूनाघर से डंडस प्वाइंट तक सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><>